




# मोहरली में पानी की समस्यां से जूझ रहे वार्डवासी

## टैंकर पहुंचने के बाद भी आवश्यक्ता अनुसार नही मिल रहा पानी




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,6 जून. नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 9 के स्लम ऐरिया मोहरली इन दिनों पेयजल की किल्लत से जूझ रहा है। हालात यह है कि टैंकर पहुंचने के बाद मुश्किल से लोगों को एक से दो कुप्पी ही पीने का पानी मिल पाता है।** इतना ही नहीं टैंकर से पानी भरने के दौरान नौबत हाथापाई तक पहुंच रही है। शनिवार को भी पानी भरने के दौरान जमकर विवाद हुआ। इस तरह मशक्कत के बाद स्लम ऐरिया के लोग पानी भर पाते है। वार्ड वासियों ने बताया कि कलेक्टर, कमिश्नर और पार्षद से शिकायत के बाद भी समस्या हल नहीं हो पाई। दरअसल वार्ड नंबर 9 के मोहरली क्षेत्र में पानी का संकट अभी टला नहीं है। गर्मी का मौसम लगभग निकलने को है। इसके बाद भी स्लम ऐरिया के लोगों को पानी के जूझना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने बताया कि चार से पांच दिन में एक बार नल आता है। वह भी मुश्किल से 15 मिनट चलता है। जिसमें पीने का पानी मुश्किल ये भर पाते है। इसके बाद निगम मे फोन कर टैंकर बुलाया जाता है। चार पांच बार फोन करने के बाद टैंकर आता है। इसमें भी पानी भरने के दौरान झगड़े फसाद हो जाते है।

### बोर सूचने से बन रहे हालात

वार्ड वासियों ने बताया कि मोहरली क्षेत्र में एक बोर है। गर्मी के कारण वह सूख गया है। उसके बाद उसे सुधारा नहीं गया है। जिसके बाद पानी की समस्या और बढ़ गई। उसकी मोटर भी निकालकर ले गए।

# कॉपर बायर चोरी करने वाले आरोपी धराए

## निर्माणाधीन मकान में किया था हाथ साफ, आरोपियों को भेजा जेल

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,6 जून. कोतवाली पुलिस ने सिगनेचर सिटी से निर्माणाधीन मकान से कॉपर बायर चोरी करने वाले आरोपियों को दबोच लिया है। उनके पास से कीमत कॉपर बायर दो बारी लगभग 80 बंडल जब्त कर लिया है। जिसकी बाजार में 80 हजार कीमत आंकी गई है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायलय में पेष कर जेल भेज दिया है।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण**- राजेश पिता जे.एस. सनोडिया ने 4 मई को थाना मे रिपोर्ट दर्ज कराया कि सिग्नेचर कालोनी मे सतपुडा लाइफ सांइस एंड रिसर्च सेंटर अस्पताल मे बिजली फिटिंग का काम चल रहा है। जहा से दोपहर 12.30 बजे से 01.00 बजे के बीच जिस कमरे मे बिजली फिटिंग का सामान रखा हुआ था उसका ताला टूटा है। कमरे मे रखा बिजली फिटिंग के हेवेल्स कंपनी के कॉपर बायर के करीब 20-22 बंडल चोरी हो गये है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) भा.न्या.सं. के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया गया था। विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना और सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर 02 संदेहियों को संदिग्ध हालत में हवाई पट्टी रोड चाचा ढाबा के पास पकड़ा गया। पूछताछ में संदेहियों ने फुटेज में होना स्वीकार कर लिया। उन्होंने अपना नाम सूरज भौसर पिता स्व. तुलाराम भौसर एवं आकाश उर्फ गोलू विश्वकर्मा बताया। आरोपियों ने पूछताछ में चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियो न्यायालय में पेष कर जेल भेज दिया।

### इनकी रही भूमिका

इस पूरे मामले में टीआई आशीष कुमार धुर्वे, उनि चेतन मर्सकोले, सउनि. रवि मालवीय प्र.आर. नितिन सिंह, आर. विकाश बैस, सागर डेहरिया, आर. अमित तोमर, आर रामकुमार जाटव, आर. आदित्य आर. आदित्य सायबर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**छिन्दवाड़ा.** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की मंशानुसार रविवार को कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में वृद्धाश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। कांग्रेस प्रकोष्ठों के प्रभारी पप्पू यादव द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच हेतु निःशुल्क शिविर लगाया जाएगा। आयोजित शिविर में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे सहित कांग्रेस के समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

# खमरा में बन रही थी शराब, आबकारी और पुलिस ने की कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,6 जून.नाले में गंदा पानी रोक हाथ भट्ठी शराब बनाने वालों पर आबकारी और पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही की। इस कार्यवाही के दौरान पैंतालीस लीटर हाथ भट्ठी शराब और तेरह सौ किलो महुआ लाहन बरामद हुआ।**

कलेक्टर हरेंद्र नारायण के आदेशानुसार और सहायक आबकारी आयुक्त बीआर वैद्य के निर्देशन में बिछुआ थाना क्षेत्र के खमरा, कट्टा और सामरबोह के अड्डों पर छापा मारा गया। इस दौरान खमरा में नाले के गंदे पानी को रोक शराब बनाने की प्रक्रिया चल रही थी। यहाँ पर चार शराब भट्टियाँ चढ़ी मिलीं। कट्टा में महुआ के पेड़ के नीचे गड्ढे में पानी भर शराब बनायी जा रही थी। सामरबोह में भी डैम के पास पानी रोक शराब बनायी जा रही थी। आबकारी और पुलिस के संयुक्त अमले ने इन अड्डों को नष्ट किया।

### तामिया क्षेत्र में भी पकड़ाई अवैध शराब

आज तामिया क्षेत्र के अंतर्गत अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध दबिश कार्रवाई की गई। आबकारी टीम द्वारा सांगाखेड़ा क्षेत्र के ग्राम कुर्सी ढाना, ग्राम बांगाई एवं ग्राम खारी सहित अन्य गांवों में अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 के तहत कुल 4 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कार्रवाई के दौरान देसी एवं विदेशी शराब की लगभग 18 लीटर मात्रा बरामद की गई।

# चंदेरी, महेश्वरी, बाग प्रिंट और हस्तशिल्प उत्पादों का सजा अनूठा संगम

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,6 जून.** संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम लिमिटेड द्वारा आयोजित "मृगनयनी मध्यप्रदेश प्रदर्शनी-2026 का शुभारंभ शनिवार को परासिया रोड स्थित पूजा लॉन में हुआ। मध्यप्रदेश शासन के ग्रामोद्योग विभाग के प्रयोजन में आयोजित यह प्रदर्शनी प्रदेश की समृद्ध हस्तशिल्प और हथकरघा परंपरा को एक मंच पर प्रस्तुत कर रही है। प्रदर्शनी का शुभारंभ छिंदवाड़ा कलेक्टर हरेन्द्र नारायण ने किया। 16 जून तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में प्रदेश के विभिन्न अंचलों की पारंपरिक कला, शिल्पकौशल और वस्त्र विरासत का आकर्षक प्रदर्शन किया जा रहा है। दोपहर 12 बजे से रात 9 बजे तक संचालित होने वाली प्रदर्शनी में आगंतुकों को मध्यप्रदेश की विविध सांस्कृतिक पहचान को करीब से देखने और खरीदने का अवसर मिलेगा। प्रदर्शनी में विशेष रूप से चंदेरी साड़ियों की नवीन डिजाइनों से सजी श्रृंखला आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। जरी और रेशम किनार की बारीक बुनाई से सुसज्जित ये साड़ियां पारंपरिक शिल्पकला और आधुनिक सौंदर्यबोध का सुंदर संगम प्रस्तुत करती हैं। इसके साथ ही महेश्वरी, वारासिवनी और सौंसर क्षेत्र की रेशमी बुनाई वाली साड़ियां एवं ड्रेस मटेरियल भी प्रदर्शित किए गए हैं.

# शराब दुकान के पास चले चाकू

## एक युवक हुआ घायल, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,6 जून. शहर के व्यस्त मार्ग में शुमार फव्वारा चौक के समीप स्थित शराब दुकान के समीप शराब को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर दूसरे युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।**

उसके साथियों ने उसने जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। घायल की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी अनुसार शराब दुकान के समीप कुछ युवक शराब को सेवन कर रहे थे। इसी दौरान पुष्पराज गोदरे और विक्रम ठाकुर के बीच शराब को लेकर कुछ कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद ने बड़ा रूप धारण कर लिया। विक्रम ने धारदार नुकीला हथियार निकाला और गले पर हमला कर दिया। बचाव करने के दौरान हाथ में भी चोट आई है। इस घटना से घटना स्थल हड़कंप मच गया। आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल के साथियों ने उसने तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। फिलहाल उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। डाक्टरों ने कहना है कि गले में चोट गहरी होने के कारण रक्तस्राव अधिक हो गया है। उसे एक यूनिट ब्लड लगाया गया है। एक यूनिट ओर ब्लड लगया जाना है। इधर पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## एक नजर में

### फार्मर आई.डी के चक्कर में उलझे किसान अनिवार्यता निरस्त हो : किसान कांग्रेस

**छिन्दवाड़ा.** किसान फार्मर आईडी में उलझा हुआ है, ना ही उसे खाद मिल रही ना अन्य कार्य हो रहे, कुल मिलाकर किसान को पूरा समय कागज बनवाने, उसे सुधरवाने के लिए पटवारी के खेतों-खेतों चक्कर लगाने में बीत रहा। ना खाद मिल रही ना ही जमीन तैयार हुई, सिर पर बारिश और बोवनी का समय आ चुका है। पटवारियों का कोई स्थायी कार्यालय नहीं होता इसीलिये किसान उनके कहां-कहां चक्कर लगाए यह भी बड़ी परेशान का विषय बन चुका है। उक्त उदगार किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में व्यक्त किए।जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने कहा कि म.प्र. किसानों के कृषि कार्यों के लिये फार्मर आई.डी. की अनिवार्यता लागू की गई है। जो कि सरकार का किसान विरोधी निर्णय है। किसानों को खाद लेने सहित अन्य कृषि से सम्बंधित कार्यों के लिये इस प्रकार की अनिवार्यता लागू करना गलत है। अब किसान फार्मर आई.डी. बनाने के लिये यहां-वहां भटक रहा है। ऑन लाइन सर्वर की समस्या से किसानों की फार्मर आई.डी. नहीं बन पा रही। इससे किसान परेशान हो रहे है और आई.डी.बनवाने के चक्कर में उलझ कर रह गये है, कई किसानों की फार्मर आई.डी. बनवाते समय उनके राजस्व रिकार्ड में भी फेरबदल हो रहा। और किसानों की कृषि भूमि का रकबा भी कम ज्यादा हो रहा है। किसानों के पास खसरा और ई.पावती होती है जो कि महत्वपूर्ण दस्तावेज है जिसे कि न्यायालयों में भी मान्यता दी जाती है ऐसी परिस्थिति में किसानों की उक्त

### दिव्यांग हितग्राही की पेंशन संबंधी समस्या का हुआ त्वरित निराकरण

**छिन्दवाड़ा.** कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त एक दिव्यांग हितग्राही की समस्या का त्वरित निराकरण करते हुए संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। जनसुनवाई के दौरान ग्राम रोहना निवासी 21 वर्षीय दिव्यांग युवती कु. शीतल विश्वकर्मा अपनी माता श्रीमती माया विश्वकर्मा एवं परिजनों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंची थीं। परिजनों द्वारा अवगत कराया गया कि आधार कार्ड अद्यतन नहीं होने के कारण उनकी दिव्यांगता पेंशन बंद हो गई थी, जिससे परिवार को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। परीक्षण के दौरान पाया गया कि आधार कार्ड अद्यतन नहीं होने के कारण पेंशन भुगतान प्रभावित हुआ था। त्वरित समन्वय एवं प्रयासों के फलस्वरूप हितग्राही का आधार कार्ड नवीन मोबाइल नंबर एवं उपलब्ध बायोमेट्रिक विवरणों के साथ सफलतापूर्वक अद्यतन करा दिया गया है।

# बिना मुंडेर के कूएं में टैक्टर सहित गिरा चालक

## चांद थाना क्षेत्र के उभेगांव का मामला , पुलिस कर रही मामले जांच

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,6 जून. शनिवार को उभेगांव में एक दर्दनाक हादसे में किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान गेंदसिंग वानखेड़े उर्फ अमोल वानखेड़े 45 साल निवासी उभेगांव के रूप में हुई है। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।**

जानकारी के अनुसार गेंदसिंग वानखेड़े शनिवार सुबह अपने खेत में कृषि कार्य करने के लिए गए थे। वे ट्रैक्टर से खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और खेत में बने बिना मुंडेर वाले कुएं की ओर बढ़ गया।

देखते ही देखते ट्रैक्टर सीधे कुएं में जा गिरा। किसान भी ट्रैक्टर के साथ कुएं में गिर गया। हादसा इतना अचानक हुआ कि उन्हें संभलने या बाहर निकलने का मौका नहीं मिल सका। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे की खबर पूरे गांव में फैल गई, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्र हो गए। लोगों ने तत्काल किसान को बचाने के प्रयास शुरू किए। स्थानीय लोगों की मदद से किसान को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। जेसीबी मशीन की मदद काफी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर को कुएं से बाहर निकाला गया। इसके बाद रेस्क्यू के दौरान जब किसान को बाहर निकाला गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ अनूठा आयोजन

**छिंदवाड़ा.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर के मध्य स्थित पंडित दीन दयाल पार्क में सभी को अनूठा नजारा देखने को मिला ।अलग अलग उम्र के बच्चे युवतियां एवं महिलाओं ने कागज पत्ते फूल एवं बेस्ट मेटेरियल से बने पोशाक एवं ज्वेली पहने पर्यावरण हितैषियों ने उपस्थित लोगों को जीरो वेस्ट मटेरियल का कैसे सदुपयोग किया जा सकता है ये नवाचार कर दिखाया उक्त आयोजन शहर की पर्यावरण के क्षेत्र में अग्रणी संस्था बहुउद्देशीय शैक्षणिक शैक्षणिक विकास समिति एवं मॉडल फ्यूचर कला एवं तकनीकी शिक्षा समिति द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर आयोजित जलवायु कार्निवाल 2026 ने पर्यावरण जागरूकता को एक नई पहचान दी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,6 जून.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, सामाजिक संस्थाएं, आयुष विभाग एवं आदर्श फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गत दिवस ग्राम माल्हनवाड़ा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में योग, ध्यान, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक, पौधरोपण, नवग्रह वाटिका निर्माण, बीज वितरण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ योग गुरु डॉ. पवन नेमा द्वारा योग एवं ध्यान सत्र से हुआ, जिसमें उपस्थित ग्रामवासियों, विद्यार्थियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने स्वस्थ जीवन एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण विषय पर डॉ. पवन नेमा के निर्देशन में नुक्कड़ नाटक जल, जंगल, जमीन के मंचन के साथ संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसके माध्यम से जल, जंगल, जमीन और जैव विविधता संरक्षण का संदेश दिया गया। आयोजन का मुख्य आकर्षण नुक्कड़ नाटक रहा, जिसे जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रस्तुत किया गया।

### दो नाटकों के मंचन के साथ नाट्य समारोह का आगाज़

**छिंदवाड़ा.** नाट्य गंगा रंग मंडल के द्वारा आयोजित आठवद्घ राष्ट्रीय नाट्य समारोह शुक्रवार को दो नाटकों के मंचन के साथ प्रारंभ हुआ। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और मध्यप्रदेश संस्कृति संचालनालय के सहयोग से आयोजित इस तीन दिवसीय नाट्य समारोह के पहले दिन पहली प्रस्तुति नाट्य गंगा रंग मंडल के द्वारा अल खनंदनजी की सुप्रसिद्ध हास्य व्यंग्य नाट्य कृति जादू का सूट के रूपमें हुई। इस नाटक का निर्देशन नाट्यगंगा के युवा कला कारों गुंजन मेटेकर और पूनम बचले ने किया जिनके सधे हुए निर्देशन को देख सभी दर्शन हतप्रद रह गए। नाटक की कहानी एक दूरदेश के राजा की थीजो राज काज के काम को छोड़कर अपने भोग विलास में लिप्त रहता है।हास्य से भरपूर इस नाटक ने दर्शकों को हॅसा हॅसा कर लोट पोट कर दिया।

# नगर निगम की कार्यवाही : होटलों और रेस्टोरेंट्स में अग्नि सुरक्षा की जांच

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,6 जून.** शहर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को नगर निगम द्वारा व्यापक जांच अभियान चलाया गया है। नगर निगम के फायर अधिकारी अभिषेक दुबे ने अपनी टीम के साथ शहर के विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, रेस्टोरेंट्स और होटलों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान प्रतिष्ठानों में स्थापित फायर फाइटिंग सिस्टम, फायर अलार्म, फायर एक्सटिंग्विशर, हाइड्रेंट सिस्टम तथा आपातकालीन निकास मार्गों की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया गया। साथ ही अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र (सेफ्टी सर्टिफिकेट) एवं फायर ऑडिट से संबंधित दस्तावेजों की भी गहन जांच की गई। फायर सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों जैसे किचन एरिया, स्टोर रूम, ट्रांसफार्मर और जनरेटर के आसपास के क्षेत्रों को लेकर संचालकों एवं कर्मचारियों को जागरूक किया गया। टीम द्वारा आपातकालीन परिस्थितियों में फायर एक्सटिंग्विशर के सही उपयोग का प्रदर्शन भी किया गया। इसके अलावा कर्मचारियों को आग लगने जैसी स्थिति में आपातकालीन निकास द्वारों का सुरक्षित एवं प्रभावी ढंग से उपयोग करने संबंधी जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाई गईं।

# महापौर 11, अमरवाड़ा 11 एवं छिंदवाड़ा ग्रामीण 11 ने दर्ज की जीत



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,6 जून.** जिले में आयोजित आदिवासी प्रीमियर लीग सीजन-2 के अंतर्गत शुक्रवार को तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में प्रशासनिक 11 और महापौर 11 आमने-सामने रहे। महापौर 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 155 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रशासनिक 11 की टीम 10 ओवर में 125 रन ही बना सकी। इस प्रकार महापौर 11 ने 30 रन से शानदार जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला छिंदवाड़ा 11 एवं अमरवाड़ा 11 के बीच खेला गया। अमरवाड़ा 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 164 रन बनाए। जवाब में छिंदवाड़ा 11 की टीम 10 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 139 रन ही बना सकी। अमरवाड़ा 11 ने यह मुकाबला 25 रन से जीत लिया। इस मैच में राम उइके को मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरे मुकाबले में छिंदवाड़ा ग्रामीण 11 और दमुआ 11 के बीच प्रतिस्पर्धा हुई। छिंदवाड़ा ग्रामीण 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 3 विकेट खोकर 111 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दमुआ 11 की टीम निर्धारित 10 ओवर में 102 रन ही बना सकी। छिंदवाड़ा ग्रामीण 11 ने 9 रन से मैच अपने नाम किया।


IPS COLLEGE
B.Sc. Elg. 12th with Bio BIOINFORMATICS
University Research Centre Biotechnology
ESTD-2001 Serving the Education for the Past 26 Year
B.Sc. Honours/M.Sc. MICROBIOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Honours/M.Sc. BIOTECHNOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Elg. 12th with Bio Honours with Research
B.B.A. Honours AICTE APPROVED COURSE
B.C.A. MCU M.Sc. CS
Honours B.Sc. Maths B.Sc. Biology
B.Com. Honours M.Com.
B.A. Honours B.A. Computer
In front of S.A.F. Gate Parasia Road Chhindwara
97528-80383 97533-04877
College Code - P-140
www.ipschw.com


# बड़ी मात्रा में अवैध रूप से रखी यूरिया पकड़ाई

## शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया प्रकरण



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,6 जून. बीती देर रात कृषि विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने जुन्नारदेव के ग्राम श्रीझौत में दौलत महलवंशी के घर पर छापामार कार्रवाई कर भारी मात्रा में उर्वरक जब्त किया है। पुलिस ने उक्त व्यापारी पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।**

जानकारी अनुसार परासिया कृषि अनुविभागीय अधिकारी प्रमोद सिंह उटटी को उक्त क्षेत्र में अवैध उर्वरक भण्डारण रखने की सूचना मिली। इस पर प्रमोद सिंह उटटी जुन्नारदेव के कृषि विस्तार अधिकारी इश्वर प्रसाद पवार और पुलिस को लेकर मौके पर पहुंच गए। जहां उन्होंने दौलत महलवंशी पिता इमरत महलवंशी 38 वर्ष निवासी ग्राम श्रीझोत के कब्जे से110 बैग यूरिया (भर्ती में 45 किग्रा बैग) उर्वरक चंबल फर्टिलाइजर एवं एचयूआरएल कंपनी का एवं एचयूआरएल कंपनी की 10 बैग डीएपी (भर्ती में 50 किग्रा ध् बैग) कुल कीमती करीबन 42815 रुपये की पाई गई।

जिसके बाद दौलत महलवंशी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राप्त पत्र का अवलोकन करने पर पाया गया कि आरोपी दौलत महलवंशी ने अवैध रूप से उर्वरक का भंडारण करना पाया गया।

### ढाई बजे रात में पकड़ाया खाद

बंद पड़े मकान को करीब रात्रि 2.30 बजे बाहरी तौर पर तलाशी ली गई एवं टीम के सदस्य ईश्वर प्रसाद पवार ने अपने मोबाइल की रोशनी से दरवाजे झांककर देखने पर कुछ उर्वरक की बोरी दिखाई दी। मकान में खाद (उर्वरक) भण्डारित होने की पुष्टि होने पर चाबी बुलायी गई। ताला खोलने पर मकान में युरिया एवं डीएपी उर्वरक भण्डारित पाया गया। जिसमें यूरिया, उर्वरक चंबल फर्टिलाइजर एवं डीएपी की बोरिया पाई गई । उक्त खाद के संबंध में दौलत ने कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नही किए। उनके पास किसी भी प्रकार का उर्वरक विक्रय करने का कोई लाइसेंस भी नहीं मिला।

### उद्यानिकी खेती ने बदली किसान की दशा

**छिंदवाड़ा.** कृषक कल्याण वर्ष में मेहनत के साथ सही मार्गदर्शन और आधुनिक तकनीक के साथ मिलकर, खेती भी सफलता की नई इबारत लिख रही है। छिंदवाड़ा जिले के हर्रई विकासखंड के ग्राम राबराखुर्द के किसान श्री विष्णु ने भी सफलता की ऐसी की कहानी लिखी है। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन और अपनी लगन के बल पर मात्र एक एकड़ भूमि में टमाटर की खेती कर लाखों रुपये की आय अर्जित की है ।परंपरागत खेती से आधुनिक खेती की ओर बढ़ाया कदम - करीब तीन एकड़ कृषि भूमि के स्वामी कृषक श्री विष्णु पहले परंपरागत फसलों की खेती करते थे, जिससे उन्हें सीमित आमदनी होती थी।


आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निः शुल्क
एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी
हार्ट अटैक व सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

मानवता हॉस्पिटल
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
24/7 EMERGENCY SERVICES
पता:-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766